# A

**SL. No. : N**

ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶ್ನೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 50 ]
Total No. of Questions : 50 ]

**CCE RR REVISED**

[ ಒಟ್ಟು ಮುದ್ರಿತ ಪುಟಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 8
[ Total No. of Printed Pages : 8

**ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : 06-H**

**Code No. : 06-H**

## ವಿಷಯ : ಪ್ರಥಮ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ

## Subject : First Language — HINDI

**( ಹೊಸ ಪಠ್ಯಕ್ರಮ / New Syllabus )**

**( ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಶಾಲಾ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / Regular Repeater )**

ದಿನಾಂಕ : 22. 06. 2018 ]
ಸಮಯ : ಬೆಳಿಗ್ಗೆ 9-30 ರಿಂದ ಮಧ್ಯಾಹ್ನ 12-30 ರವರೆಗೆ ]
ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 100 ]

[ Date : 22. 06. 2018
[ Time : 9-30 A.M. to 12-30 P.M.
[ Max. Marks : 100

***परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :***

1. इस प्रश्नपत्र में वस्तुनिष्ठ एवं गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल 50 प्रश्न हैं ।
2. यह प्रश्नपत्र रिवर्स जैकेट द्वारा सील किया हुआ है । परीक्षा प्रारंभ होने के समय आप प्रश्नपत्र के दाएँ भाग को काटकर खोलें तथा जाँच करें कि सभी पृष्ठ अक्षुण्ण हैं ।
3. सभी वस्तुनिष्ठ तथा गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें ।
4. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं ।
5. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर में दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने का 15 मिनट भी शामिल है ।

यहाँ से काटिए

**TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER**
**प्रश्नपत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें**

**Tear here**

## विभाग "A"

## गद्य, पद्य, पोषक अध्ययन - ( 67 अंक )

I. निम्न प्रश्नों के उत्तर **एक-एक** वाक्य में लिखिए : 11 × 1 = 11

1. लाला झाऊलाल छत पर क्यों टहल रहे थे ?
2. गाँधीजी का पूरा नाम क्या था ?
3. बच्चे को पैरों में डालकर स्त्री ने सिपाही से क्या कहा ?
4. तावीज़ कहाँ तैयार होने लगे ?
5. अहिल्या की उम्र क्या थी ?
6. राज्य में क्या फैल गया था ?
7. पिछड़ा आदमी चुप कब रहता था ?
8. कबीर के अनुसार भगवान का निवास स्थान कहाँ होता है ?
9. माँ ने नेपोलियन से क्या कहा ?
10. जीवन में सफलता प्राप्त करने का मार्ग कौन-सा है ?
11. हेलन केलर प्रकृति की किन चीज़ों को छूकर पहचान लेती थी ?

II. निम्न प्रश्नों के उत्तर **दा** या **तीन** वाक्यों में लिखिए : 9 × 2 = 18

12. चम्पारन की समस्या क्या थी ? गाँधीजी ने उसका निवारण किस प्रकार किया ?
13. विशेषज्ञों ने भ्रष्टाचार के बारे में क्या-क्या कहा ?
14. बिदेसिया लोकगीत कहाँ गाए जाते हैं ? प्रमुखतः इनमें निहित विषय कौन-सा है ?
15. स्टेशन में आवश्यक वस्तुओं के खरीदने के लिए कैसी व्यवस्था थी ?
16. मैना के बारे में रवीन्द्र जी ने क्या कहा ?
17. जग का नव निर्माण किस प्रकार करें ?
18. सवेरे उठते ही कवि ने किन-किन से क्या-क्या उधार माँगा ?
19. स्काउट और गाइड के प्रमुख नियम क्या हैं ?
20. ''मन चंगा तो कठौती में गंगा'', कहावत का अर्थ लिखिए ।

III. निम्न वाक्यों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : $4 \times 3 = 12$

21. ''पर जहाँगीरी अण्डा है क्या ?''

 i) पाठ का नाम :

 ii) लेखक का नाम :

 iii) व्याख्या :

22. ''ठहरो, ठहरो ! कहाँ जाती हो ?''

 i) पाठ का नाम :

 ii) लेखक का नाम :

 iii) व्याख्या :

23. ''पूजा के पश्चात् भोजन तक मैं किसी वस्त्र आदि का स्पर्श नहीं करता ।''

 i) पाठ का नाम :

 ii) लेखक का नाम :

 iii) व्याख्या :

24. ''मजहब नहीं सिखाता आपस में बैर रखना,
हिन्दी हैं हम, वतन है हिन्दोसताँ हमारा ।''

 i) कवि का नाम :

 ii) पद्य का नाम :

 iii) व्याख्या :

IV. निम्नलिखित लेखक / कवि का परिचय दीजिए : $2 \times 3 = 6$

25. श्री कन्हैयालाल मिश्र 'प्रभाकर' :

 i) जन्म-काल :

 ii) कृतिया :

 iii) अन्य जानकारियाँ :

26. रहीम :

 i) जन्म-काल :

 ii) कृतियाँ :

 iii) अन्य जानकारियाँ :

V. निम्नलिखित पद्य भाग की पूर्ति कीजिए : 4

27. जग में सुख ..........................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

.............................................................................. गले लगाना ।

**अथवा**

पैदा कर जिस .......................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

.............................................................................. स्वजीवन सारा ।

VI. निम्नलिखित पद्य भाग का सारांश लिखिए : 4

28. अज्ञानियों से स्नेह करना
मानो पत्थर से चिनगारी निकालना है
ज्ञानियों का संग करना,
मानो दही मथकर माखन पाना है
हे चन्नमल्लिकार्जुन प्रभु
तुम्हारे भक्तों का संग करना
मानो कर्पूरगिरि की ज्योति को पाना है ।

**अथवा**

भूख लगी तो गाँव में भिक्षान्न है,
प्यास लगी तो तालाब-कुएँ हैं
शीत से बचने जीर्ण वस्त्र हैं,
सोने के लिए उजड़े मंदिर हैं,
हे चन्नमल्लिकार्जुन प्रभु,
मेरा आत्म-सखा तू ही है ।

VII. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक **छः-सात** वाक्यों में लिखिए : $3 \times 4 = 12$

29. रुपया किन-किन को अपनी शरण में आने के लिए कहता है और क्यों ?

**अथवा**

अपने शब्दों में रुपये की महानता का वर्णन कीजिए ।

30. कर्नाटक एकीकरण के बारे में अपने विचारों के प्रचार के लिए वेंकटरावजी ने क्या-क्या किया ?

**अथवा**

वेंकटराव के जीवन का अभूतपूर्व दिव्यदर्शन का वर्णन कीजिए ।

31. शीला अग्रवाल ने मन्नू जी को साहित्य की ओर कैसे आकृष्ट किया ?

**अथवा**

मन्नू भण्डारी ने राष्ट्रीय आंदोलन में अपनी भूमिका कैसे निभाई ?

## विभाग "B"

## व्याकरण, अलंकार, छन्द - ( 20 अंक )

VIII. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए **चार-चार** विकल्प दिये गये हैं। सही विकल्प को चुनकर क्रमाक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए : $10 \times 1 = 10$

32. 'इत्यादि' शब्द किस संधि का उदाहरण है ?

(A) दीर्घ संधि (B) यण् संधि

(C) गुण संधि (D) वृद्धि संधि ।

33. 'उन्नति' शब्द का विलोम शब्द है

(A) उन्नोस (B) प्रगति

(C) अवनति (D) अविनाश ।

34. 'अंबर' शब्द का समानार्थक शब्द है

(A) आकाश (B) भूमि

(C) सूर्य (D) आडंबर ।

35. 'उत्सुक' शब्द का भाववाचक संज्ञा रूप है

(A) खुशी (B) उत्सुकता

(C) उत्साही (D) सुखी ।

36. हम भारत देश के निवासी हैं — रेखांकित शब्द है

(A) संज्ञा (B) क्रिया

(C) सर्वनाम (D) विशेषण ।

37. 'साड़ी' शब्द का बहुवचन रूप है

(A) समय (B) कपड़ा

(C) साड़ीयाँ (D) साड़ियाँ ।

38. 'भिखारी' शब्द का अन्य लिंग रूप है

(A) भिखा (B) भिखारिन

(C) भीख (D) भिखारी ।

39. 'वैज्ञानिक' शब्द में जुड़ा प्रत्यय है

(A) इक (B) विज्ञान

(C) वै (D) ज्ञानिक ।

40. 'लिखना' का प्रथम प्रेरणार्थक रूप है

(A) लिखावट (B) लेखन

(C) लिखाना (D) लिख ।

41. 'मेज़ पर किताब है' — रेखांकित शब्द में कारक है

(A) अधिकरण कारक (B) कर्म कारक

(C) करण कारक (D) अपादान कारक ।

IX. प्रथम दो पदों से सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे पद से संबंधित पद लिखिए : 4 × 1 = 4

42. पंचवटी : द्विगु समास :: गुण-दोष : ...................................... ।

43. मैंने पत्र लिखा : कर्तृवाच्य :: मुझसे पत्र लिखा गया : .................................... ।

44. जो अभिनय करती है : अभिनेत्री :: जो पढ़ा-लिखा न हो : ................................. ।

45. कुत्ता धीरे-धीरे आया : भूतकाल :: कुत्ता धीरे-धीरे आयेगा : ............................ ।

X. मात्राएँ लगाकर छन्द का लक्षण बताइए : 3

46. जो गरीब सो हित करै, धनि रहीम वे लोग ।

XI. अलंकार पहचानकर समझाइए : 3

47. मन कांचै नाचै वृथा, सांचै रांचै राम ।

## विभाग "C"

## रचना - ( 13 अंक )

XII. अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए : $2 \times 1\frac{1}{2} = 3$

48. (a) ओझल हो जाना ।

(b) आग से खेलना ।

XIII. 49. पत्र लेखन : 5

अस्वस्थता का कारण बताकर चार दिनों की छुट्टी माँगते हुए अपने कक्षाध्यापक के नाम एक पत्र लिखिए ।

**अथवा**

अपनी पढ़ाई के बारे में जानकारी देते हुए अपने मामाजी के नाम एक पत्र लिखिए ।

XIV. निबंध लेखन : $1 \times 5 = 5$

50. किसी **एक** विषय पर निबन्ध लिखिए :

i) दूरदर्शन

ii) हमारे राष्ट्रीय पर्व

iii) प्रदूषण की समस्या ।